an>

Title: Regarding exemption of toll for harvest combine in the country.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान पंजाब के किसानों की समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूं। आप जानते हैं कि जब से एग्रीकल्चर सैक्टर का मशीनीकरण हुआ है किसानों की मुश्किलें बड़ी हैं। विशेÂा तौर पर एडवांस्ड एग्रीकल्चर राज्य जैसे पंजाब में नई मुश्किलें सामने आई हैं। कल पंजाब के बहुत से किसान माननीय मुख्यमंत्री जी से मिले और अपनी मुश्किलों के बारे में बताया। किसान लोग क्रॉप्स की कटाई के लिए हार्वेस्टर कम्बाइन खरीदते हैं।

पंजाब में एग्रीकल्चर होल्डिंग कम हो गयी है, इसलिए अब वह दूसरे प्रदेशों में जाते हैं। जब वे टोल प्लाजा से जाते हैं, तो वहां ट्रक और कार के लिए टोल लिखा हुआ है, लेकिन हारवेस्टर कम्बाइन के लिए कोई टोल नहीं लिखा हुआ है। वे उनसे दो-चार हजार रुपये ले लेते हैं।

अध्यक्ष महोदया, गृह मंत्री जी अभी हाउस में नहीं हैं। मैं कहना चाहता हूं कि दूसरे प्रदेशों की पुलिस उनकी पिटाई भी करती है और उनसे पैसे भी लेती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि पंजाब के किसानों की इस मुश्किल को ध्यान में रखकर उसका हल निकाला जाये। इसके साथ-साथ टोल प्लाजा पर लिखा जाये और उनसे ज्यादा पैसा न लेकर केवल सौ रुपये ही लिये जायें। वैसे तो एग्रीकल्चर इम्प्लीमैंट्स के तौर पर किसानों को यह माफ होना चाहिए। जैसे ट्रैक्टर और ट्राली माफ है, वैसे ही हारवेस्टर कम्बाइन भी माफ होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बार फिर निवेदन करना चाहता हूं कि यह देश के सभी किसानों की मांग है। इस बारे में सभी सांसद बोल रहे हैं। मेरा निवेदन है कि आप माननीय मंत्री जी तक हमारी विनती पहुंचाये, ताकि पंजाब के किसानों की यह मुश्किल हल हो सके।

HON. SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Prem Singh Chandumajra.